# कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

**पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य- 11/2024** **दिनांक 07/01/2025**

**सेवा में,**

**अपर पुलिस महानिदेशक,**

**वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।**

अपने पत्र संख्याःवीजेड-सोशल मीडिया-(18)/2020/10720,दिनांकःजून 04,2020 व पत्र संख्याः41/6-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जो पुलिस विभाग एवं उसके अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एवं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 06.01.2025** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

01. आज दिनांक 6 जनवरी 2025 को पुलिस विद्यार्थी अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम(SPEL-2) कार्यक्रम का शुभारम्भ पुलिस लाइन गाजीपुर स्थित सभागार में किया गया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न महाविद्यालयों से चयनित विद्यार्थियो की उपस्थिति में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री ज्ञानेंद्र नाथ प्रसाद द्वारा पुलिस विद्यार्थी अनुभवात्मक अधिगम के विषय में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। चर्चा के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने बताया कि उपरोक्त कार्यक्रम का उद्देश्य स्नातक स्तर के छात्र/छात्राओं को पुलिस थाने और अन्य पुलिस प्रतिष्ठानों में तीस दिवसीय अनुभवात्मक सिखलाई (Experiential Learning) इस उद्देश्य से करायी जायेगी कि छात्र/छात्राओं संज्ञानात्मक (Cognitive) कौशल व लोक कौशल (People skills) में सुधार हो सके साथ ही साथ वे कानून और आपराधिक प्रक्रिया, आपराधिक अनुसंधान, यातायात नियंत्रण, साइबर क्राइम, मानव तस्करी, कानून व्यवस्था इत्यादि जैसे विषयों पर प्रशिक्षण इन्टर्न (INTERN) के रूप में प्राप्त कर सकें। जहाँ एक ओर विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलेगा, जो उनके भविष्य के लिए उपयोगी होगा, तो दूसरी तरफ पुलिस के लिए भी यह एक ऐसा अवसर है कि वे युवा पीढ़ी में पुलिस मित्र बना सकें। प्रायः यह देखा जाता है कि परिश्रम करने के पश्चात् भी पुलिस विभाग के कार्यों को वह प्रोत्साहन नहीं मिलता है, जिसकी अपेक्षा रहती है। SPEL एक ऐसा माध्यम है कि जिसके द्वारा हम छात्र/छात्राओं को पुलिस के समक्ष आने वाली नित नई-2 चुनौतियों से अवगत कराकर आमजन में अपनी अच्छी छवि प्रस्तुत कर सकते हैं। पुलिस के ये युवा मित्र स्वयं तो Experiential Learning से लाभान्वित तो होंगे ही, साथ ही पुलिस को नए सुझाव दे सकते हैं। सोशल मीडिया पर पुलिस के लिए सकारात्मक विचार प्रसारित करेंगे तथा सकारात्मक रूप से प्रेरित विद्यार्थी पुलिस विभाग में अपना करियर चुन सकेंगे।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने बताया कि उपरोक्त कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को थाना, बीट, हल्का आदि की कार्य प्रणाली के साथ-साथ वाद रजिस्टर करना, विवेचना करना एवं महिला थाने में कार्यवाही की प्रक्रिया से परिचित कराना, घटना स्थल का मुआयना, वृद्धाश्रम एवं अन्य संस्थाओं का भ्रमण कराना भी शामिल है। विभिन्न स्थानों से उपरोक्त कार्यक्रम के प्रभारी पुलिस अधिकारियों को इस संदर्भ में विस्तृत निर्देश

दिए गए। कार्यक्रम के उपरांत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के नेतृत्व में विद्यार्थियों को पुलिस लाइन प्रांगण में स्थित आदेश कक्ष, शस्त्रागार, आनलाइन पुलिस प्रशिक्षण कक्ष, फायर ब्रिगेड व्यवस्था, जनपद नियंत्रण कक्ष, डायल 112 कण्ट्रोल रूम, परिवहन शाखा, AHT थाना एवं साइबर थाना का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को सुरक्षा व्यवस्था, परिवहन व्यवस्था, साइबर अपराधों, शस्त्रों, कम्युनिकेशन सिस्टम, फायर के कार्यों के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

इस अवसर पर कार्यक्रम के राष्ट्रीय सेवा योजना जनपद नोडल अधिकारी डॉ अमित यादव ने बताया कि कल दिनांक 7 जनवरी से सभी बच्चे निर्धारित समय पर अपने लिए निर्धारित थाना में उपस्थित होकर अनुभवात्मक अधिगम में प्रतिभाग करेंगे।

कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले महाविद्यालय के शिक्षकगण तथा थाना स्तर के नोडल पुलिस अधिकारी तथा विद्यार्थियों का विवरण निम्नवत् है- डॉ0 अवनीश राय, डॉ0 आनंद सिंह कुशवाहा, डॉ0 बहादुर सिंह यादव, उ0नि0 धर्मेन्द्र दुबे थाना कोतवाली, उ0नि0 सर्वजीत यादन थाना दुल्लहपुर, उ0नि0 सुरेन्द्र राम मिश्रा व हे0का0 बाबू लाल सोनकर थाना सादात, उ0नि0 राजेन्द्र दुबे थाना नंदगंज, उ0नि0 लाल बहादुर सिंह, आ0 विवेक कुमार मौर्य थाना मुहम्मदाबाद, उ0नि0 राजकुमार यादव थाना जमानियाँ तथा आरक्षी जितेन्द्र प्रताप मौर्य थाना भाँवरकोल, लक्ष्मी पांडेय, अंकित गुप्ता, निखत परवीन, मुस्कान प्रजापति, सृष्टि जायसवाल, प्रिया शर्मा, नेहा यादव, प्रियंका यादव, अंजली भारती, सिंपल, अंकित यादव, अनुपम गुप्ता,संदीप कुशवाहा, बबलू प्रजापति, आकाश बिन्द, अभिषेक कुमार, राजकुमार यादव, रिमझिम पटेल, तस्मिया यासीन, आरती कुमारी, आंचल कुमारी, रिंकी कुमारी, संगीता, शैली कुमारी, आशुतोष यादव, अंकिता राय, विनाश रानी, सीपू कुमार, आशीष शर्मा, अरमान हुसैन, सुमित प्रजापति, अभिषेक कुमार गुप्ता, मनीष यादव, रानी यादव, शांति गुप्ता, पूनम कुमारी, अंकिता कुमारी, शुभम यादव, सनी प्रजापति, कविता, मनजीत शर्मा।

02. 'श्रीमान् पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ द्वारा चलाये जा रहे अभियान "OPERATION CONVICTION" के अन्तर्गत मॉनिटरिंग सेल व अभियोजन द्वारा लगातार प्रभावी पैरवी कर 02 नफर अभियुक्तों को मा0 न्यायालय द्वारा दिलाई गयी सजा '

दिनांक 06.01.2025 को मॉनिटरिंग सेल व अभियोजन के प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप थाना दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 247/2014 धारा 354, 506,342 भादवि से सम्बन्धित प्रकरण में अभियुक्तगण 01. हरिकेश राम पुत्र श्री किशुन राम नि0 बहरामपुर थाना मरदह जनपद गाजीपुर, 02. श्रवण कुमार पुत्र बसडू यादव नि0 बहलोलपुर थाना दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर के विरुद्ध लगातार किये गये प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा दोषसिद्ध करते हुए अभियुक्तगण उपरोक्त को धारा 354 भादवि के तहत 02 वर्ष का साधारण कारावास व 7000/- रु0 जुर्माना, धारा 506 भादवि के अंतर्गत 01 वर्ष का साधारण कारावास व 7000/- रु0 जुर्माना व धारा 342 भादवि के अंतर्गत 06 माह का साधारण कारावास व 1000/- अर्थदण्ड़ की सजा से दण्डित किया गया।

**पुलिस अधीक्षक**
**गाजीपुर**